# केंद्रीय मंत्री मुरुगन ने थेनी में महिला किसानों और उद्यमियों के लिए संसाधन केंद्र का उद्घाटन किया




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** केंद्रीय मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने 8 नवंबर को थेनी आईसीएआर कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके-सीईएनडीईसीटी) में महिला किसानों और उद्यमियों के लिए एक नए जिला संसाधन केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने आज तमिलनाडु के थेनी में महिला किसानों और उद्यमियों के लिए एक राज्य स्तरीय सम्मेलन का भी उद्घाटन किया।

इस कार्यक्रम में महिला किसानों की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया और इसका उद्देश्य पारंपरिक खेती से बागवानी में उद्यमिता की ओर उनके संक्रमण का समर्थन करने के लिए अतिरिक्त संसाधन प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान, बागवानी और मूल्य-संवर्धित उत्पाद निर्माण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला किसानों को गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया गया तथा उनकी दृढ़ता और नवोन्मेषी भावना को मान्यता दी गई।

केंद्रीय मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा, इस तरह के कार्यक्रम ग्रामीण समुदायों को ऊपर उठाते हैं और महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमशीलता उपक्रमों और महिलाओं के बीच आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देकर हमारे देश के आर्थिक ताने-बाने को मजबूत करते हैं।

यह सहयोग महिलाओं को कृषि और व्यवसाय दोनों में आगे बढ़ने में सक्षम बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

सेंडेक्ट आईसीएआर केवीके के अध्यक्ष डॉ. पी. पचैमाल ने कहा, हमें अपने समुदायों में महिलाओं के उत्थान के लिए साझेदारी में इस संसाधन केंद्र को लॉन्च करने की खुशी है। हमारा मानना है कि आर्थिक सशक्तिकरण सतत विकास के लिए उत्प्रेरक है। यह सहयोग एक सकारात्मक प्रभाव पैदा करेगा, व्यक्तिगत खेत स्तर पर सार्थक बदलाव लाएगा और पूरे समुदाय में गूंजेगा।

आईसीएआर केवीके, सेंडेक्ट भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), भारत सरकार द्वारा प्रायोजित एक जिला स्तरीय कृषि प्रशिक्षण, विस्तार और अनुसंधान संस्थान है। इसे थेनी जिले के किसानों के लाभ के लिए मार्च 1995 में शुरू किया गया था।

इसका उद्देश्य प्रशिक्षण और प्रदर्शनों के माध्यम से किसानों, कृषक महिलाओं, ग्रामीण युवाओं और विस्तार कार्यकर्ताओं को कृषि योग्य प्रौद्योगिकियों को हस्तांतरित करना है। केंद्र का मुख्य उद्देश्य करके सिखाने और करके सीखने के सिद्धांतों को अपनाते हुए, कार्य अनुभव के माध्यम से किसानों को नवीनतम तकनीकी ज्ञान प्रदान करना है।



## चेन्नई पोर्ट अथॉरिटी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हुआ समापन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** चेन्नई पोर्ट अथॉरिटी ने केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशों के तहत 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 मनाया है, जिसका विषय है 'राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखंडता की संस्कृति' सतर्कता जागरूकता सप्ताह की प्रस्तावना के रूप में 16 अगस्त से 15 नवम्बर तकअभियान अवधि के दौरान आयोग की इच्छानुसार निवारक सतर्कता पर कई कार्यक्रम और आउटरीच गतिविधियाँ आयोजित की गई हैं।

चेन्नई पोर्ट और इंडियन बैंक ने संयुक्त रूप से 30 अगस्त को सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के लिए एक पूर्वावलोकन कार्यक्रम आयोजित किया, जिसका उद्घाटन सतर्कता आयुक्त और सचिव, सीवीसी द्वारा किया गया, जिसके बाद निदेशक, सीवीसी द्वारा चेन्नई स्थित सार्वजनिक उपक्रमों/सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के सतर्कता अधिकारियों के लिए शिकायत निवारण तंत्र, शिकायतों की जांच और आयोग नीति पहलों पर तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। उक्त अवधि के दौरान, चेन्नई पोर्ट और कामराजर पोर्ट के अधिकारियों के लिए विभिन्न क्षमता निर्माण पुनश्चर्या प्रशिक्षण/कार्यशालाएं आयोजित की गईं। भ्रष्टाचार विरोधी मुद्दों पर तमिल, अंग्रेजी और हिंदी में निबंध/नारा लेखन और प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई के लिए जनता में जागरूकता फैलाने के लिए लोगनाथ नारायणसामी सरकारी कॉलेज, पोन्नेरी के कॉलेज के छात्रों द्वारा वॉकथॉन कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवा मन और खास तौर पर छात्र समुदाय में जागरूकता पैदा करने के लिए कॉलेज और स्कूल के छात्रों के लिए तमिल और अंग्रेजी में निबंध लेखन/तमिल में भाषण/पोस्टर बनाने जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। चेन्नई और आसपास के जिलों के स्कूली छात्रों के लिए ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। भ्रष्टाचार से लड़ने में निवारक सतर्कता के महत्व के बारे में जागरूकता लाने के लिए स्वयं सहायता महिला समूहों के लिए रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। चेन्नई पोर्ट और कामराजर पोर्ट के अधिकारियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले कॉलेज/स्कूल के छात्रों को भी सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। चेन्नई पोर्ट और कामराजर पोर्ट के अधिकारियों और हितधारकों के परिवार के सदस्यों को ई-सत्यनिष्ठा की शपथ लेने की सलाह दी गई।

वीएडब्लू 2024 के सप्ताह भर चलने वाले उत्सव का समापन समारोह 7 नवम्बर को आयोजित किया गया। एस मुरली कृष्णन आईडीएएस, सीवीओ, सीएचपीए और केपीएल ने निवारक सतर्कता के पहलुओं पर केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा की गई विभिन्न पहलों और जनता और हितधारकों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला। आइरीन सिंथिया, आईएएस, एमडी, केपीएल ने अपने मुख्य भाषण में सतर्कता अधिकारियों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और वीएडब्ल्यू के पालन पर जोर दिया, जिसका उद्देश्य नैतिक आचरण, पारदर्शिता, जवाबदेही और आपसी सम्मान के मूल्यों को अपनाने, राष्ट्र के शासन में विश्वास का निर्माण करने, आर्थिक प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने, सामाजिक सामंजस्य को बढ़ावा देने और अपने नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना है। एस. विश्वनाथन, आईएएस, उप-अध्यक्ष, सीएचपीए ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि ईमानदारी की संस्कृति निश्चित रूप से देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी और इससे सुशासन में वृद्धि होगी तथा सामाजिक सामंजस्य भी मजबूत होगा और इस प्रकार जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। अध्यक्ष, सीएचपीए और चेयरमैन, केपीएल द्वारा दिए गए अध्यक्षीय भाषण में, सुनील पालीवाल, आईएएस ने सीवीओ, सीएचपीए और केपीएल द्वारा की गई विभिन्न पहलों की सराहना की और कहा कि सत्यनिष्ठा का अर्थ केवल कानूनों और विनियमों का पालन करना ही नहीं है, बल्कि यह सही काम करने की गहरी प्रतिबद्धता है, तब भी जब कोई देख नहीं रहा हो।

तमिलनाडु सरकार के वाणिज्यिक कर और पंजीकरण विभाग के प्रधान सचिव ब्रजेंद्र नवनीत, आईएएस ने अपने विशेष संबोधन में भ्रष्टाचार से लड़ने और सार्वजनिक प्रशासन में ईमानदारी को बढ़ावा देने में निवारक सतर्कता के महत्व को संवेदनशील बनाने की दिशा में सीवीओ, सीएचपीए और केपीएल द्वारा की गई विभिन्न पहलों की सराहना की और प्रत्येक नागरिक, विशेष रूप से युवा पीढ़ी में ईमानदारी और अन्य अच्छे गुणों को विकसित करने पर जोर दिया, जो निस्संदेह हमारे राष्ट्र की समृद्धि में योगदान देंगे।

## तमिलनाडु में समन्वित प्रयासों से डेंगू से होने वाली मौतों की दर में कमी आई : स्वास्थ्य विभाग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को कहा कि डेंगू विषाणु को नियंत्रित करने के लिए गहन और समन्वित प्रयासों से राज्य में इस बीमारी से होने वाली मौतों की दर और इसके प्रसार को काफी हद तक कम करने में मदद मिली है। उत्तर-पूर्वी मानसून के दौरान तमिलनाडु में बुखार और डेंगू के मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, जनवरी से 5 नवंबर तक तमिलनाडु में डेंगू के 20,138 मामले सामने आए हैं लेकिन इससे प्रभावित लोग सफलतापूर्वक ठीक हो गए हैं। दुर्भाग्य से, उचित इलाज पाने में देरी के कारण 8 लोगों की जान चली गई। विज्ञप्ति के अनुसार, मृतकों में चेंगलपट्टू जिले की छह वर्षीय एक बच्ची भी शामिल है। डेंगू के प्रकोप को रोकने और इससे होने वाली मौतों को कम करने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने अद्यतन सूचना में कहा कि गहन प्रयासों के कारण पिछले वर्षों की तुलना में इस बार डेंगू के मामलों में कमी आई है। विज्ञप्ति के अनुसार, तमिलनाडु में डेंगू के मामलों की संख्या इस साल घटकर 20,138 रह गई, जो 2023 में 29,401 और 2022 में 30,425 थी।




## हिंदुस्तान इंस्टीटयूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड साइंस ने दक्षिण कोरियाई विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** हिंदुस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (एचआईटीएस ) ने दक्षिण कोरिया स्थित ग्लोबल साइबर यूनिवर्सिटी (जीसीयू) के साथ शैक्षिक सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर अपने अंतरराष्ट्रीय संबंधों को मजबूती प्रदान करने के लिए कदम आगे बढ़ाया है। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर ग्लोबल साइबर यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष गोंग व्योंग योंग तथा हिंदुस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के कुलपति डॉक्टर आनंद जैकब वर्गीस ने किया।

इस अवसर पर बोलते हुए डॉक्टर आनंद जैकब वर्गीस ने कहा कि सन 2020 में ग्लोबल साइबर यूनिवर्सिटी की उनकी यात्रा आज सफल रही जो यह दर्शाती है कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग शिक्षा और मानवीय प्रयासों में सार्थक भाव किस प्रकार से पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि शैक्षिक सहयोग हेतु किए गए इन प्रयासों से हमारे छात्रों में अत्याधुनिक शैक्षिक दृष्टिकोण का निर्माण होगा जो हमारे संस्थान के लिए गर्व की बात है। ग्लोबल साइबर यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष गोंग व्योंग योंग ने भविष्य के सहयोग के बारे में आशा व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि दोनों विश्वविद्यालय क्रेडिट एक्सचेंज के अलावा एआई युग में कोरिया और भारत में उच्च शिक्षा की दिशा में टिकाऊ पृथ्वी और मानवता के भविष्य पर संयुक्त सेमिनार जैसे अधिक उन्नत विनिमय गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी ऐसे समय में हो रही है जब भारत में शिक्षा की लोकप्रियता बढ़ रही है।



## डॉ. किरण बेदी द्वारा लिखित पुस्तक फियरलेस गवर्नेंस के फ्रेंच अनुवाद का लोकार्पण

**चेन्नई।** पांडिचेरी विश्वविद्यालय ने डॉ. किरण बेदी की बहुचर्चित कृति फियरलेस गवर्नेंस के फ्रेंच अनुवाद की पुस्तक का विमोचन किया, जिसका अब शीर्षक है उने गवर्नेंस सैंस पेउर । यह कार्यक्रम आज जवाहरलाल नेहरू ऑडिटोरियम में हुआ, जो नेतृत्व, शासन और सार्वजनिक सेवा पर इस महत्वपूर्ण कार्य की अंतर्राष्ट्रीय शुरुआत को चिह्नित करता है। यह लॉन्च पांडिचेरी विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन विभाग और फ्रेंच विभाग की संयुक्त पहल थी। इसने फ्रेंच भाषी दुनिया को डॉ. बेदी के निर्भीक नेतृत्व पर साहसिक विचारों से परिचित कराया, जिसमें शासन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी, जवाबदेही और साहस पर जोर दिया गया। फ्रेंच अनुवाद पाठकों को नेतृत्व पर एक नया दृष्टिकोण प्रदान करता है जो मूल्यों और सकारात्मक बदलाव की खोज पर आधारित है।

इस कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे, जिनमें पांडिचेरी और चेन्नई में फ्रांस के महावाणिज्यदूत एटियेन रोलांड पिएग, पांडिचेरी में द स्टडी स्कूल की संवाददाता डॉ. संध्या चेरियन, डॉ. किरण बेदी के पूर्व सचिव थेवा नीति दास, पांडिचेरी विश्वविद्यालय में फ्रेंच विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. एस. पन्नीरसेल्वम, पांडिचेरी विश्वविद्यालय के कुलपति (प्रभारी), प्रो. थारानिक्करासु, संस्कृति एवं सांस्कृतिक संबंध निदेशक प्रो. क्लेमेंट एस. लूर्डेस, तथा पांडिचेरी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार (प्रभारी) प्रो. रजनीश भूटानी शामिल थे। प्रसिद्ध लेखिका और पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल डॉ. किरण बेदी ने निर्भीक शासन के सिद्धांतों पर अपने व्यावहारिक व्याख्यान से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता पर प्रकाश डाला जो ईमानदारी और जवाबदेही के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में अडिग हो, खासकर सार्वजनिक सेवा के संदर्भ में।

## घरेलू कार्य के लिये पुलिस कर्मियों को तैनात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करें : अदालत



**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने सरकार के गृह, निषेध एवं आबकारी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रधान सचिव को निर्देश दिया है कि वे विस्तृत जांच कर उन जेल अधिकारियों के खिलाफ सभी उचित कार्रवाई शुरू करें, जिन्होंने राज्य भर की सभी जेलों में अपने आवासीय या व्यक्तिगत कार्य के लिए वर्दीधारी कर्मियों/लोक सेवकों को तैनात किया है। अदालत ने आदेश दिया कि जांच या तो पुलिस की सीबीसीआईडी शाखा की सहायता से की जा सकती है या फिर खुफिया शाखा से आवश्यक जानकारी प्राप्त करके की जा सकती है। न्यायमूर्ति एस एम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति एम. जोतिरमन की पीठ ने हाल ही में एक आदेश में उपरोक्त निर्देश दिया।

पीठ ने कहा कि ऐसी पहचान के आधार पर अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा उचित आदेश पारित कर उन सभी वर्दीधारी कर्मियों को वापस बुलाया जाना चाहिए तथा उन्हें जेल नियमों और लागू सरकारी आदेशों के अनुसार जेल ड्यूटी पर तैनात किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि यह कार्य अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा तीन सप्ताह के भीतर किया जाना था। पीठ ने यह आदेश सुजाता द्वारा दायर याचिका पर पारित किया, जिसमें प्राधिकारियों को उनके अभ्यावेदन पर विचार करने और निर्णय लेने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

उनके ज्ञापन में कई शिकायतें शामिल थीं, जिनमें जेल अधिकारियों द्वारा वर्दीधारी कर्मियों को उनके आवासीय कार्यों के लिए उपयोग करने के खिलाफ शिकायतें भी शामिल थीं। पीठ ने कहा कि यह न्यायालय का कर्तव्य है कि वह याद दिलाए कि पुलिस/जेल अधिकारी लोक सेवक हैं और उन्हें करदाताओं के पैसे से अच्छा वेतन दिया जाता है। उनके सार्वजनिक कर्तव्यों के प्रभावी निष्पादन के लिए सरकार द्वारा अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं। पीठ ने कहा कि इस प्रकार उनसे प्रासंगिक नियमों के तहत जो भी लाभ स्वीकार्य हैं, उन्हें प्राप्त करने की अपेक्षा की जाती है और आधिकारिक पद के दुरुपयोग की स्थिति में, वे अभियोजन तथा कदाचार के लिए अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने के लिए उत्तरदायी हैं।

## दक्षिणी केरल में भारी बारिश, तीन जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** दक्षिणी केरल के कई हिस्सों में शुक्रवार को बारिश होने के बाद भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राज्य के तीन जिलों के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने तिरुवनंतपुरम, कोल्लम और पथानामथिट्टा जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया। इसके अलावा अलपुझा, कोट्टायम, एर्नाकुलम और इडुक्की जिलों के लिए येलो अलर्ट' जारी किया गया। 'ऑरेंज अलर्ट' बहुत भारी बारिश (छह सेमी से 20 सेमी) जबकि 'येलो अलर्ट' छह से 11 सेमी तक वर्षा दर्शाता है। आईएमडी ने तेज हवाओं और प्रतिकूल मौसम के मद्देनजर मछुआरों को केरल-लक्षद्वीप तट पर मछली पकड़ने के लिए समुद्र में नहीं जाने का सुझाव दिया है। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) ने लोगों को आगाह किया है कि वे भारी बारिश के साथ तेज हवाएं चलने की आशंका के कारण घर के अंदर ही रहें और पेड़ों या होर्डिंग के नीचे खड़े होने से बचें।

## राज्यपाल ने अधिकतर विवि में नियमित कुलपतियों की कमी के लिए राज्य सरकार को दोषी ठहराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शुक्रवार को राज्य के अधिकांश विश्वविद्यालयों में नियमित कुलपतियों की अनुपस्थिति के लिए सत्तारूढ़ वाम सरकार को जिम्मेदार ठहराया। राज्यपाल ने कहा कि पिछले 75 वर्षों में यह राज्य में विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति ही रहे हैं जिन्होंने कुलपतियों का चुनाव करने के लिए चयन समितियों का गठन किया है।

केरल के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के तौर पर खान ने कहा कि हालांकि, हर मामले में जहां उन्होंने एक चयन समिति का गठन किया, राज्य सरकार ने इसे केरल उच्च न्यायालय में चुनौती दी, जिसने बाद में कार्यवाही पर रोक लगा दी। खान ने पूछा, ''तो अब मैं क्या कर सकता हूं?''

उन्होंने बताया कि जब उन्होंने पाया कि सरकार ने अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन किया है, तो उन्होंने विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजने के लिए अपने संवैधानिक अधिकार का इस्तेमाल किया। खान ने जोर देकर कहा, ''सरकार व्यक्तियों या यहां तक कि निर्वाचित प्रतिनिधियों की इच्छा के अनुसार नहीं चलेगी। यह संविधान के प्रावधानों के अनुसार चलेगी।''

उन्होंने कहा कि, एक विश्वविद्यालय को छोड़कर जहां उन्होंने कुलपति की दोबारा नियुक्ति की है, राज्य के अन्य सभी विश्वविद्यालयों में नियमित कुलपति का अभाव है। कोडकारा काला धन मामले पर पत्रकारों के सवालों पर खान ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय इसकी जांच कर रहा है। उन्होंने कहा, एजेंसियों को बिना किसी हस्तक्षेप के अपना काम करने दें। मैं कौन होता हूं उनकी या किसी और की जांच पर फैसला सुनाने वाला? कानून अपना काम करेगा।

# वायनाड लोकसभा उपचुनाव में रहा है बाहरी लोगों का दबदबा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**वायनाड/भाषा।** केरल में राज्य के बाहर के नेताओं को लोकसभा सांसद के रूप में चुनने का इतिहास रहा है, जिसमें वायनाड के पूर्व सांसद राहुल गांधी भी हैं और अगर 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में उनकी बहन प्रियंका गांधी को जीत मिलती है तो वह भी इस सूची में शामिल हो सकती हैं। राहुल गांधी के अलावा राज्य के बाहर के कई नेताओं ने केरल से सांसद के रूप में कार्य किया है। इनमें तमिलनाडु से मुहम्मद इस्माइल, महाराष्ट्र से जीएम बनातवाला और कर्नाटक से इब्राहिम सुलेमान सैत भी ऐसे ही नेता हैं। ये सभी दक्षिणी राज्य से कई बार आईयूएमएल के सांसद चुने गए। दिलचस्प बात यह है कि अगले सप्ताह होने वाले चुनावों में भी कई 'बाहरी' उम्मीदवार शामिल हैं।

इनमें तमिलनाडु से 'इलेक्शन किंग' के पद्मराजन भी शामिल हैं। वह 200 से अधिक बार चुनावी जंग में असफल हो चुके हैं। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह के खिलाफ भी चुनाव लड़ चुके हैं। गुजरात के जयेंद्र के राठौड़ भी पहाड़ी निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतरे 11 उम्मीदवारों में शामिल हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव में गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ चुनाव लड़ा था।

केरल में चुनाव लड़ने वाले बाहरी उम्मीदवारों की सूची में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी शामिल हो गयी हैं और वह पहली बार चुनावी मैदान में हैं।



वायनाड उपचुनाव में अन्य बाहरी उम्मीदवारों में तमिलनाडु के निर्दलीय ए नूर मुहम्मद, उत्तर प्रदेश से किसान मजदूर बेरोजगार संघ के गोपाल स्वरूप गांधी और तमिलनाडु से बहुजन द्रविड़ पार्टी की ए सीता शामिल हैं।

इसके अलावा निर्दलीय चुनाव लड़ रहे बाहरी उम्मीदवारों में कर्नाटक के इस्माइल जबी उल्लाह, उत्तर प्रदेश से निर्दलीय सोनू सिंह यादव, आंध्र प्रदेश से नवरंग कांग्रेस पार्टी के शेख जलील, तेलंगाना से जातीय जन सेना पार्टी के दुग्गिराला नागेश्वर राव और कर्नाटक से एक अन्य निर्दलीय रुक्मिणी भी दौड़ में हैं। सीपीआई के सत्यन मोकेरी और भाजपा की नव्या हरिदास उम्मीदवार हैं।

निर्दलीय उम्मीदवार आर राजन एकमात्र ऐसे उम्मीदवार हैं जो केरल निवासी हैं। हालांकि 63 वर्षीय कलपेट्टा निवासी ने कहा कि वह अब प्रियंका गांधी की जीत के लिए काम कर रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने अपना नामांकन क्यों दाखिल किया तो उन्होंने कहा, मैं अभी उस मामले का खुलासा नहीं करना चाहता। केरल के बाहर के कई उम्मीदवार और उनकी संबद्ध पार्टियां वायनाड के मतदाताओं के लिए काफी हद तक अपरिचित हैं, जिन्हें लगता है कि उनमें से अधिकांश केवल हाई-प्रोफाइल उम्मीदवार प्रियंका गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ने का श्रेय लेने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

तमिलनाडु से 65 वर्षीय स्वतंत्र उम्मीदवार के. पद्मराजन का दावा है कि उन्होंने 245 चुनाव लड़े हैं, जिनमें छह चुनाव राष्ट्रपति पद के लिए और छह चुनाव उपराष्ट्रपति पद के लिए लड़े हैं। उन्होंने कहा, मैंने चार प्रधानमंत्रियों के खिलाफ चुनाव लड़ा है: 2014 में वडोदरा में नरेंद्र मोदी, लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी, 1996 में पी वी नरसिम्हा राव और राज्यसभा चुनाव में मनमोहन सिंह के खिलाफ।

राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि केरल में बाहरी उम्मीदवारों का लंबा इतिहास रहा है। राहुल के अलावा, राज्य के बाहर के कई नेता केरल से सांसद रह चुके हैं। मुस्लिम लीग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मुहम्मद इस्माइल केरल में सीट जीतने वाले पहले बाहरी व्यक्ति थे, जिन्होंने 1962 में मंजेरी का प्रतिनिधित्व किया था। उनके बाद सुलेमान सैत ने 1967 और 1991 के बीच कोझिकोड, मंजेरी और पोन्नानी का प्रतिनिधित्व किया। वह 1960 से 1966 तक केरल से राज्यसभा सदस्य भी रहे।

